# भड़काऊ टिप्पणी के खिलाफ AIMIM का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे द्वारा AIMIM प्रमुख बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी और पार्टी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को बागपत में AIMIM के जिलाध्यक्ष हाफिज मुकार्रम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिक. ारी को सौंपा।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए कार्यकर्ताओं ने नितेश राणे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष हाफिज मुकार्रम ने कहा कि नितेश राणे ने जिस प्रकार की अमर्यादित और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया है, वह न केवल एक राजनीतिक दल का अपमान है, बल्कि देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति द्वारा समाज में वैमनस्य और धार्मिक तनाव फैलाने वाली ऐसी टिप्पणी लोकतांत्रिक मूल्यों के पूरी तरह विरुद्ध है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान AIMIM के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि नितेश राणे के खिलाफ तत्काल उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा ऐसी भड़काऊ भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए जाने की भी मांग की है। प्रदर्शन के दौरान अफ़ज़ल हयात, शादान कुरैशी, शारिक राजपूत, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद आसिफ, शाहिद अली, एडवोकेट अलीम, गुफरान, आरिफ आदि मौजूद रहे।

# सफलता की ओर बढ़ते कदम उदिता आर्या ने किया जनपद का नाम रोशन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव निवासी जनपद बागपत की लाडली बेटी उदिता आर्या पुत्री नीरज कुमार आर्या ने हरियाणा रोहतक जिले के रुड़की बिसवारा कन्या गुरुकुल इंटरमीडिएट में अपना नाम रोशन करते हुए

500 में से 498 अंक प्राप्त करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने हरियाणा प्रदेश में गुरुकुल में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए अपने गांव का ही नहीं पूरे जनपद बागपत का नाम रोशन किया है। इससे लुहारी गांव में खुशी की लहर है। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनकी इस उपलब्धियों ने क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का काम किया है। इस यह सफलता उनकी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं की कक्षा परीक्षा परिणाम में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मौके पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय महासं. चव संजीव दांगी लुहारी ने उदिता आर्या को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर उदिता आर्या ने कहा कि यह मेरे माता-पिता एवं मेरे गुरुजनों के आशीर्वाद से ही मैंने यह सफलता प्राप्त की है।

# असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटी कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** मंगलवार देर रात दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर खेकड़ा क्षेत्र के मवीकला गांव के पास एक सड़क हादसा हुआ। दिल्ली से हरिद्वार जा रही एक स्कॉर्पियो-एन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में वाहन में सवार पांच लोग सुरक्षित रहे।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली निवासी अखिलेश गुप्ता अपने चार साथियों के साथ स्कॉर्पियो-एन से हरिद्वार जा रहे थे। खेकड़ा क्षेत्र में मवीकला गांव के समीप दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर पहुंचने पर उनकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। तेज रफ्तार के कारण वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसा होते ही मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत मदद की। उन्होंने पुलिस को सूचना देने के साथ ही गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई। वाहन सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। कुछ लोगों को हल्की चोटें आने पर प्राथमिक उपचार दिया गया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे से हटवाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हादसा वाहन का संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

# ओलंपियाड में अल्पाइन पब्लिक स्कूल का परचम, क्षेत्रीय स्तर पर छात्रों ने जीते स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही जीवन में ऊंचाइयों तक ले जाती है। यह प्रेरणादायक उद्गार स्कूल के यज्ञवीर आर्य डायरेक्टर अल्पाइन पब्लिक स्कूल ने विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लायंस ओलंपियाड केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उसे सही दिशा देने का सशक्त मंच है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थी भविष्य में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करेंगे। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी इस मुकाम तक पहुंचते हैं। प्रतियोगिताओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल पाठयक्रम तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। उन्होंने लायंस ओलंपियाड को ऐसा मंच बताया, जहां विद्यार्थी अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और निरंतर सीखने की आदत विकसित कर सकते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकुर पवार ने बताया कि लायंस ओलंपियाड के प्रथम चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्रीय स्तर पर उनकी रैंकिंग के आधार पर स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस श्रेणी में आयान अहमद (कक्षा 5-गणित), आरोही तोमर




(कक्षा 6 -अंग्रेजी), आर्यन तोमर (कक्षा 7- गणित), लव तोमर (कक्षा 7-विज्ञान), तेजस्वी तोमर (कक्षा 6-गणित), ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उन्होंने बताया कि लायंस ओलंपियाड का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करना है, जिससे प्रत्येक छात्र अपनी प्रतिभा के आधार पर आगे बढ़ सके। इस प्रतियोगिता से न केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर बेहतर होता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का भी विकास होता है। उन्होंने लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। ओलंपियाड कोऑर्डिनेटर प्रवेश कुमार ने भी बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनका आत्मविश्वास सुदृढ़ होता है। विद्यालय में आयोजित इस गरिमामय समारोह में विद्यार्थी उत्साहित नजर आ रहे थे। अंत में सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर उत्दृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मोहित कुमार, सचिन कुमार, पुनीत तोमर, रोहित पंवार, विवेक, छवि तोमर, पारुल, आशु, निरुपमा, प्राची, पूनम, इशिका, मंजू, विवेक्षा, प्रिया, पायल आदि उपस्थित रहे।

# यशिका चौधरी ने 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के घोषित परिणाम में विद्यालय में किया प्रथम स्थान प्राप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निवासी यशिका चौधरी ने सीबीएसई के 12वीं कक्षा के परिणाम में विज्ञान वर्ग में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यशिका चौधरी दी ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत मे पढ़ रही थी आज घोषित सीबीएसई के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम परिणाम में यशिका चौधरी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर साइंस स्ट्रीम में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही साथ एक विषय मनोविज्ञान में यशिका चौधरी ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किया। यशिका चौधरी की माता सुमन जूनियर पीएम श्री जूनियर हाई स्कूल सिसाना में अध्यापिका है और पिता नगेंद्र सिंह दिल्ली में राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता है। यशिका ने अपनी उपलब्धि के लिए परिवार के बुजुर्गो का आशीर्वाद और विद्यालय के अध्यापकों द्वारा दी गई। अच्छी शिक्षा का परिणाम बताया।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के बयान पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** समाजवादी पाटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के एक बयान को लेकर ब्राह्मण समाज में रोष बढ़ गया है। खेकड़ा में सर्व खाप ब्राह्मण समाज 360 के चौधरी उमेश शर्मा ने भाटी के इस बयान पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है।

राजकुमार भाटी ने अपने बयान के बाद से समाज में भारी नाराजगी है। उमेश शर्मा ने भाटी के बयान पर कडी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस तरह की भाषा और सोच केवल संकीर्ण मानसिकता का व्यक्ति ही रख सकता है। चौधरी उमेश शर्मा ने सवाल उठाया कि यदि भाटी की सोच ऐसी है, तो वह अपनी पार्टी के नेताओं और सांसदों का सम्मान कैसे करते होंगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी में सनातन पांडे और माता प्रसाद पांडे जैसे ब्राह्मण नेताओं की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए इस बयान को (बेहद दुर्भाग्यपूर्ण) करार दिया।

चौधरी उमेश शर्मा ने ब्राह्मण समाज से अपील की है कि वे राज. कुमार भाटी जैसे व्यक्ति के परिवार में किसी भी सुख-दुख के अवसर पर पूजा-पाठ करने न जाएं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी सलाह दी कि ऐसे व्यक्तियों को साथ रखने से



पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है। उमेश शर्मा ने मांग की है कि राज. कुमार भाटी सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज से माफी मांगें, अन्यथा समाज अपना विरोध और तेज करेगा, जिसके गंभीर परिणाम समाजवादी पार्टी को भुगतने पड़ सकते हैं।

# 14 मई को आयोजित होगी जनपद मेरठ में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति का भ्रमण कार्यक्रम 14 मई 2026 को जनपद मेरठ में आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता समिति के माननीय कार्य सभापति गोविंद नारायण शुक्ला द्वारा की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समिति द्वारा जनपद बागपत के संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागीय विषयों एवं विशेषाधिकार संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा आवश्यक सूचनाएं एवं प्रगति आख्या प्रस्तुत करेंगे। बैठक के सफल आयोजन एवं समन्वय हेतु संबंधित अधिका. रियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संपन्न कराया जा सके।

# नेत्र व कान चिकित्सा शिविर का आयोजन, 175 मरीजों ने लिया लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के पारस विहार स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में आयोजित निश:ुल्क नेत्र एवं कान चिकित्सा शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 175 मरीजों की ओपीडी (OPD) की गई, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया।

शिविर के दौरान नेत्र परीक्षण में 35 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में कराया जाएगा। इसके अलावा जरूरतमंद 50 मरीजों को नि:शुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया, जिससे मरीजों के चेहरे पर संतोष और खुशी देखने को मिली। शिविर में त्वचा रोग एवं बालों से संबंधित समस्याओं के मरीजों की भी जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्रदान की गई। क्षेत्रवासियों ने इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य रूप से अतुल राय जैन, राजीव महेश्वरी, कांता देवी राजपूत, आशुतोष गोस्वामी, टोनी जैन, अतुल कुमार जैन, नवीन जैन सहित अन्य समाजसेवियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई और शि. विर को सफल बनाने में योगदान दिया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# रटौल में कुत्तों का आतंक, काटने से घायल हुए लोगों ने की कुत्तों को पकड़वाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** क्षेत्र में कुत्तों का आतंक बना हुआ है जिसके चलते अलग अलग गावों में कुत्तों ने हमला बोल सात लोगो को घायल कर दिया है जिन्हें रटौल पीएचसी पर रेबीज के टीकें लगाये गये है।

रटौल और आस पास के गावों में लगातार आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है जिसके चलते ग्रामीण परेशान है। रटौल निवासी 26 वर्षीय फाजिल 18 वर्षीय सहजन व 36 वर्षीय उमर 55 वर्षीय राशिद को कुत्तों ने अलग अलग स्थानों पर हमला बोल घायल कर दिया है। इसके अलावा रटौल के ही शकील पुत्र अलीहसन को भी कुत्तों ने हमला बोल घायल कर दिया है। नगलाबड़ी निवासी लोकेन्द्र व भागौट के राहुल को भी कुत्तों नें हमला बोल घायल कर दिया है जिन्हें रटौल पीएचसी पर रेबीज के इन्जेकशन लगाये गये है। ग्रामीणों नें बताया कि क्षेत्र में लगातार कुत्तों का आतंक बना हुआ है जो लगातार लोगो पर हमला बोल घायल कर रहे है। ग्रामीणों नें उच्च अधिकारियों से कुत्तों को पकड़वानें की मांग की है। खेकड़ा सीएचसी प्रभारी डाक्टर ताहिर नें बताया कि रटौल, खेकड़ा दोनो जगह रेबीज के इन्जेकशन उपलब्ध है। पीडितों को टीके लगाये जा रहे है।

# नींद आनें से पेड़ में टकराया तरबूज से भरा टैंपो, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली मार्ग पर रात्रि एक तरबूज से भरा छोटा टेम्पो पेड़ से टकरा गया जिसमें चालक सहित तीन को चोटे आयी है जबकि हजारों के तरबूज का नुकसान हुआ है।

बागपत निवासी नाजिम और सोनू दोनो भाई है वह रोजाना रटौल सब्जी मंडी में टेम्पो से तरबूज लेकर आते है रात्रि भी वह टेम्पो में तरबूज लेकर रटौल आ रहे थे टेम्पो साजिद चला रहा था सुबह तीन बजें साजिद को नींद की छपकी आ गयी और टेम्पो रटौल ढिकोली मार्ग पर पेड़ से जा टकराया जिससे चारो और तरबूज गिर गये। वही तीनो को चोटे आयी सबसे ज्यादा चोट चालक साजिद को आयी है जिससे पहले जिला अस्पताल और बाद में मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है वही तरबूज गिरने से पीड़ित का लगभग दस हजार का नुकसान हुआ है।



# मृदा परीक्षण अपनाकर किसान घटाएं लागत व बढ़ाएं उत्पादन: बाल गोविंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के कृषकों को संबोधित करते हुए प्रभारी उप कृषि निदेशक बाल गोविंद यादव ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि को लाभकारी, टिकाऊ एवं वैज्ञानिक बनाने के लिए मृदा परीक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। लगातार असंतुलित उर्वरकों के प्रयोग, फसल चक्र में कमी तथा भूमि से अधिक उत्पादन लेने के कारण मिटी में आवश्यक पोषक तत्वों की मात्रा निरंतर घट रही है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है।

उन्होंने बताया कि अधिकांश किसान बिना मृदा परीक्षण के अनुमान के आधार पर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करते हैं, जिसके कारण फसलों को संतुलित पोषण नहीं मिल पाता तथा उत्पादन लागत अनावश्यक रूप से बढ़ जाती है। मृदा परीक्षण के माध्यम से खेत में उपलब्ध नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की वास्तविक स्थिति ज्ञात हो जाती है, जिसके आधार पर वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार उर्वरकों का संतुलित प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने जानक. ारी देते हुए बताया कि स्वस्थ मिट्टी में जैविक कार्बन लगभग 0.75 प्रतिशत या उससे अधिक, उपलब्ध नाइट्रोजन 280 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक, फास्फोरस 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक तथा पोटाश 280 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक होना लाभकारी माना जाता है। वर्तमान समय में अधिकांश खेतों में जिंक, सल्फर एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पाई जा रही है, जिससे फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादन प्रभावित हो रहा है। प्रभारी उप कृषि निदेशक बाल गोविंद यादव ने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि आपकी मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलित मात्रा में प्रयोग होना चाहिए। मृदा परीक्षण के उपरांत किसान अनावश्यक खर्च से बच सकते हैं तथा भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकती है। स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध किसान एवं सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग एवं भूमि परीक्षण प्रयोगशाला, बागपत द्वारा किसानों को मृदा नमूना संग्रहण एवं परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सामान्य मृदा परीक्षण हेतु निर्धारित शुल्क मात्र 27 तथा सूक्ष्म पोषक तत्व परीक्षण हेतु शुल्क 102 निर्धारित है। किसानों को परीक्षण रिपोर्ट लगभग एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध करा दी जाती है, जिससे वे अपनी ८सलों के अनुसार वैज्ञानिक सलाह प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विभाग ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण अवश्य कराएं तथा वैज्ञानिक खेती अपनाकर ह्कम लागत -अधिक उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करें। स्वस्थ मिट्टी से ही बेहतर उत्पादन, बेहतर गुणवत्ता एवं किसानों की आय में वृद्धि संभव है।

# इंस्टीट्यूट ऑफ पैरा-मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के चौ. केहर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ पैरा-मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, कोताना रोड़ बडौत में बुधवार को दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला का शीर्षक नर्सिंग प्रेक्टिस में गुणवत्ता व सुरक्षा था।

जिसका उद्घाटन डा.मनीष तोमर, डा.गीतांजली तोमर, व प्राचार्य डा. महेन्द्र लांबा ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.महेन्द्र लांबा ने कार्यक्रम के शीर्षक से सभी को अवगत करवाते हुए बताया कि नर्सिंग प्रशिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण और सुरक्षा के आयाम को अपने अभ्यास में लाना जरूरी है। इस कार्यशाला के 4 मुख्य वक्ता में डा. महेन्द्र लांबा, प्रो.दुष्यन्ता जोगी, डा. डिम्पी व मंजू ने अपने विषय पर प्रस्तुति दी, डा. डिम्पी ने प्रेक्टिकल व सिमुलेशन का भाग संभाला। इस मौके पर समस्त कर्मचारी गण मौजूद थे।

# युवा डॉक्टर की हार्ट अटैक से मौत

**बिनौली।** क्षेत्र के गाँव बरनावा में मंगलवार देर रात उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब युवा डॉ.ताबिश खान पुत्र रमजान खान का अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। बताया गया कि देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें उपचार दिलाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उन्होंने दम तोड़ दिया। युवा डॉक्टर के अचानक निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम पसर गया। डॉक्टर ताबिश खान क्षेत्र में अपने मिलनसार स्वभाव और लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों की भीड़ उनके आवास पर पहुंचने लगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

